# भारत को मिले सुरक्षित मार्ग पर बोले मनोज तिवारी, 'यह बहुत बड़ी कूटनीतिक सफलता'

(जीएनएस)।

मध्य पूर्व के बेहद संवेदनशील समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ हार्मुज (र३१ं३ ड्ड्ड ऌड्ड१४९) को लेकर भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने दावा किया है कि भारत को इस अहम जलमार्ग से सुरक्षित आवाजाही की अनुमति मिली है। उन्होंने कहा कि यह देश की बड़ी कूटनीतिक जीत है। संकट के इस समय में भी भारत की मजबूत स्थिति बरकरार है।

मनोज तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'फिलहाल सिर्फ पांच देशों के जहाजों को ही इस मार्ग से गुजरने की अनुमति दी गई है, जिनमें भारत भी शामिल है।' उन्होंने कहा कि यह स्थिति भारत की मजबूत विदेश नीति और वैश्विक स्तर पर बढ़ती साख को दशार्ती है। खास तौर पर ईरान ने भारत को 'फ्रेंडली नेशन' की सूची में शामिल किया जाना एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।



– हार्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे व्यस्त और रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस का परिवहन होता है।

– ऐसे में यहां किसी भी तरह की बाधा का सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और ईंधन कीमतों पर पड़ता है। भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए इस मार्ग का खुला रहना बेहद जरूरी है।

– मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच ईरान ने यहां से गुजरने वाले जहाजों के ऊपर कई तरह के प्रतिबंध और टोल टैक्स भी लगाए हैं। इस वजह से क्रूड ऑयल की कीमतों में वैश्विक स्तर पर उछाल आया है।

मनोज तिवारी ने यह भी कहा कि सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि अंतरराष्ट्रीय हालात का असर देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर न पड़े। इसके लिए ऊर्जा आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी के प्रयासों और दूरदृष्टि की वजह से मुमकिन हो सका है। इससे हार्मुज मार्ग पर भारत की सुरक्षित पहुंच से न केवल तेल आपूर्ति सुनिश्चित होगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी स्थिरता मिलेगी। यह कदम भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बीसलपुर जिला प्रचारक अशोक ठेनुओं के भाई मनोज के निधन पर जताया शोक

(जीएनएस)।

पीलीभीत, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने पीलीभीत स्थित बीसलपुर जनपद के जिला प्रचारक अशोक कुमार ठेनुओं के छोटे भाई मनोज कुमार ठेनुओं के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।मंत्री श्री प्रसाद ने कहा, "पीलीभीत स्थित बीसलपुर जिले के जिला प्रचारक आदरणीय अशोक कुमार ठेनुओं जी



भाई साहब के छोटे भाई मनोज कुमार ठेनुओं जी के आकस्मिक निधन की दुःखद खबर प्राप्त हुई। भगवान पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।"यह घटना स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है। परिवार और समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है।

# कुँ उद्देन्दु प्रताप उर्फ आशू चौधरी जी को राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी

(जीएनएस)।

बाराबंकी आज भारतीय किसान यूनियन भानू के मंडल कार्यालय बड़ेल बाराबंकी पर राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह जी के आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया , इसके पश्चात भारतीय किसान यूनियन भानू के पूर्व किसान नेता रहे कुँ उद्देन्दु प्रताप उर्फ आशू चौधरी जिन्होंने तन , मन , धन से संगठन को बड़ी लगन के साथ सक्रिय एवं मजबूत किया था , परंतु व्यतिगत कारण वश थोड़े दिन अलग रहने के पश्चात आज पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा मंडल पदाधिकारियों के समक्ष सर्व समित से कुँ उद्देन्दु प्रताप उर्फ आशू चौधरी जी को राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई , इसके पश्चात चौधरी जी द्वारा मीडिया एवं संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के सम्मुख संगठन के किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए शासन एवं प्रशासन के साथ साथ जनता द्वारा चुने गए जन प्रतिनिधियों से भी मजबूती के साथ जवाब लिया जाएगा , अब किसी प्रकार की हिला



हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी , और बहुत जल्द एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा , इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष अयोध्या रवि वर्मा , मंडल अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ अनुराग शुक्ला , युवा मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा, मंडल महासचिव पवन शर्मा जी , मंडल कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा , जिलाध्यक्ष देशराज वर्मा,जिला प्रभारी बंशीलाल वर्मा , तहसील अध्यक्ष दद्दन सिंह, शरद सिंह , छात्र संघ जिलाध्यक्ष हर्ष सिंह , महिला जिलाध्यक्ष रेशमा बानो, बबलू वर्मा , अर्जुन विश्वकर्मा , शुभम गुप्ता , कादिर , उस्मान, हंसराज वर्मा , रिक्की , गुफरान , अशरफ , रवि यादव , दीपक वर्मा , और सैकड़ों किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे

# स्नान करने गए चार बच्चे डूबे, दो के शव बरामद, अन्य की तलाश जारी



(जीएनएस)।

राजधानी लखनऊ /प्रयागराज

प्रयागराज मांडा थाना क्षेत्र के बामपुर गांव स्थित गंगा घाट पर शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। स्नान करने गए सात बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना में तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि चार बच्चे गंगा की तेज धारा में समा गए। इनमें से दो के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि दो बच्चों की तलाश जारी है।

बामपुर गांव निवासी मोहित 13 पुत्र दिगविजय, दिव्यांशु 16 पुत्र कमलेश, अमन 9 पुत्र कृष्ण कुमार, कुनाल 12 पुत्र अनिल, निहाल 10 पुत्र अनिल, दीपक 17 पुत्र राजाराम और ऋषभ 10 पुत्र कमलेश शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे गंगा घाट पर स्नान करने गए थे।

इसी दौरान अचानक गहराई में जाने से सभी बच्चे डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद मछुआरे मौके पर पहुंचे और मोहित, दिव्यांशु व अमन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं कुनाल, निहाल, दीपक और ऋषभ गंगा की लहरों में बह गए। काफी प्रयास के बाद कुनाल और दीपक के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि निहाल और ऋषभ का अब तक पता नहीं चल सका है। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना पर प्रभारी थाना निरीक्षक माधव प्रसाद त्रिपाठी और भारतगंज चौकी प्रभारी सुभाष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद हैं और स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता बच्चों की तलाश जारी है।

# बीसलपर में रामनवमी शोभायात्रा धमधाम से निकली: बेड बाजों मनमोहक झांकियों और पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

(जीएनएस)।

पीलीभीत/बीसलपुर नगर में रामनवमी के पावन पर्व पर शुक्रवार को भगवान राम की शोभायात्रा धमधाम से निकाली ग इस दौरान बैंड बाजे और मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वषों कर भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरा नगर भगवान राम के जयकारों से गूंज उठा।

यह शोभायात्रा नगर के बढा स्थल मंदिर से परंपरागत तरीके से श्रू हई। यात्रा बड़ा स्थल चौराहे से होते हए होली चौराहा, गोपी टॉकीज मार्ग और मख्य बाजार सहित विभिन्न मार्गों से ग्जरी। अंत में यह श्यामल दास की माणे पर जाकर संपन्न हइं





शोभायात्रा में सबसे आगे श्रद्धाल भगवान राम की पताका लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। होली की चौपाई की टोली गीत गाती हुई आगे बढ़ रही थी, जबकि बैंड बाजे मधर धनें बजा रहे थे। भगवान राम, सीता शिव-पार्वती सहित कर्ड देवी-देवताओं की डांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हई थीं


डस शोभायात्रा में भाजपा नेता सचिन जायसवाल गिरधर जायसवाल, राधारमण विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबराम शर्मा, अमर जायसवाल, शिवेंद्र नाथ शूक्ला राकेश अवस्थी, हरिशंकर श्रीवास्तव, लल्लन वर्मा और लक्ष्मीकांत मिश्रा सहित बडी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

डसी क्रम में, भाजपा नेता राजेश अग्रवाल द्वारा केम स्कॉलर्स विद्यालय में रामनवमी महोत्सव कार्यक्रम क भी आयोजन किया गया।

# ग्राम पंचायत रेहड़िया में चोरों ने रात्रि के समय दिनदहाड़े चोरों ने एक घर को बनाया निशाना सोने चाँदी ब पैसे लेकर हुए फरार

**रेहड़िया पुलिस चौकी से एक किलोमीटर कि दूरी पर चोरों ने बनाया निशाना सोना चाँदी ब पैसे लेकर चोर फरार**

बदायूं / वजीरगंज रहड़िया गांव में चोरों के हौसले हुए बुलंद चोरों ने देवकी नंदन गुप्ता के घर रात्रि में करीब 8:30 बजे चोरों ने घर को बनाया निशाना बता दे की देवकी नंदन गुप्ता और उनके बेटे दोनों लोग मेले में मिठाई की दुकान चला रहे विवेक गुप्ता की पत्नी भावना देवी भैस को चारा डालकर अपने बच्चों को दो मंजिल मकान पर सोलाने के लिए ले गई तभी उन्होंने देखा कमरे में रखी अलमारी खुली थी और कपड़े अलमारी के बाहर पड़े हुए थे और अलमारी के



अंदर संदूककिया भी नहीं थी बताया गया अलमारी में पैसे ब सोने चाँदी के जेवरात रखे थे बो सब चोर ले गए तभी उन्होंने अपने घर बालों को सूचना दी तभी विवेक और उनके पिता मेले से घर आए तभी डायल 112 को फोन किया सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं डायल 112 पुलिस ने मौके का मुआयना किया देखा गया तो अलमारी की संदूकिया बराबर बाले खाली मकान में पुलिस को मिली पीड़ित ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई पीड़ित का कहना है की एक व्यक्ति का भी प्रार्थना पत्र में नाम भी लिखवा दिया है जिस पर मुझे पूरा यकीन है थाना वजीरगंज पुलिस ने अभी एक चोर को गिरफ़्तार कर लिया है

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास से पीलीभीत में सेतुओं की मरम्मत को मिली वित्तीय मंजूरी, सदर-बीसलपुर-पूरनपुर क्षेत्र को बड़ी राहत

(जीएनएस)।

पीलीभीत, लोकसभा क्षेत्र पीलीभीत के अंतर्गत आने वाले सदर, बीसलपुर और पूरनपुर विधानसभा क्षेत्रों में सेतुओं की विशेष मरम्मत कार्ययोजना को वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इस निर्णय से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों और यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की उम्मीद है।



किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र को मॉडल लोकसभा क्षेत्र बनाने का प्रयास लगातार कर रहे हैं जनपद में कई महत्वपूर्ण मार्गों और पुलों की मरम्मत तथा सुरक्षा संबंधी कार्य लंबे समय से प्रस्तावित थे। अब शासन स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद इन कार्यों में तेजी आएगी। योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर बॉक्स कल्वर्ट, आरसीसी पुलिया निर्माण, पहुंच मार्ग और सुरक्षा कार्यों को दुरुस्त किया जाएगा।

विशेष रूप से कटैया नवादा, पनघेली नदी क्षेत्र, बनकटी मार्ग, माधोटांडा-कलीनगर मार्ग सहित अन्य स्थानों पर जर्जर पुलों और मार्गों की मरम्मत की जाएगी। इससे बरसात के समय आने वाली दिक्कतों से भी लोगों को राहत मिलेगी।

केंद्रिया राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने स्वीकृति पर खुशी जताते हुए कहा कि यह क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार द्वारा लगातार आधारभूत संरचना को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस योजना के लागू होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पादों के परिवहन में सहूलियत होगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

# जनपद में पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारें, अफवाहों से बढ़ी लोगों की चिंता

(जीएनएस)।

उन्नाव के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर डीजल, पेट्रोल भरवाने के लिए लोगों की लम्बी- लम्बी कतारें देखने को मिली

अचानक बढ़ी भीड़ के पीछे लोगों में बना हुआ है भय

पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित न हो जाए इसकी लोगों में बनी आशंका

शासन प्रशासन ने ऐसी आशंकाओं को पूरी तरह किया खारिज

अधिकारियों का स्पष्ट है कहना कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई नही है कमी

पेट्रोल और डीजल आपूर्ति लगातार सुचारू रूप से है जारी

प्रशासन लगातार कर रहा लोगों से अपील - अफवाहों पर न दें ध्यान




# ग्राम पंचायत रेहड़िया में चोरों ने रात्रि के समय दिनदहाड़े चोरों ने एक घर को बनाया निशाना सोने चाँदी ब पैसे लेकर हुए फरार

**रेहड़िया पुलिस चौकी से एक किलोमीटर कि दूरी पर चोरों ने बनाया निशाना सोना चाँदी ब पैसे लेकर चोर फरार**

बदायूं / वजीरगंज रहड़िया गांव में चोरों के हौसले हुए बुलंद चोरों ने देवकी नंदन गुप्ता के घर रात्रि में करीब 8:30 बजे चोरों ने घर को बनाया निशाना बता दे की देवकी नंदन गुप्ता और उनके बेटे दोनों लोग मेले में मिठाई की दुकान चला रहे विवेक गुप्ता की पत्नी भावना देवी भैस को चारा डालकर अपने बच्चों को दो मंजिल मकान पर सोलाने के लिए ले गई तभी उन्होंने देखा कमरे में रखी अलमारी खुली थी और कपड़े अलमारी के बाहर पड़े हुए थे और अलमारी के अंदर संदूककिया भी नहीं थी बताया गया अलमारी में पैसे ब सोने चाँदी के जेवरात रखे थे बो सब चोर ले गए तभी उन्होंने अपने घर बालों को सूचना दी तभी विवेक और उनके पिता मेले से घर आए तभी डायल 112 को फोन किया सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं डायल 112 पुलिस ने मौके का मुआयना किया देखा गया तो अलमारी की संदूकिया बराबर बाले खाली मकान में पुलिस को मिली पीड़ित ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई पीड़ित का कहना है की एक व्यक्ति का भी प्रार्थना पत्र में नाम भी लिखवा दिया है जिस पर मुझे पूरा यकीन है थाना वजीरगंज पुलिस ने अभी एक चोर को गिरफ़्तार कर लिया है

# नैनी पुलिस ने तीन अभियुक्तों को स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया

(जीएनएस)।

राजधानी लखनऊ /प्रयागराज

प्रयागराज की नैनी पुलिस ने शुक्रवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से तलाशी के दौरान काफी मात्रा में स्मैक की पुड़िया, दो मोबाइल फोन और नकदी बरामद किया गया। अभियुक्तो को छिवकी स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में रितिक कुमार पुत्र स्व. राजकुमार, निवासी एफसीआई रोड गंगोत्री नगर, सलमान सिद्दीकी पुत्र मो. हुसैन, निवासी नैनी बाजार और दीपक भारतीया पुत्र बसंतलाल भारतीया निवासी शाहजी का पूरा शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 38.18 ग्राम अवैध स्मैक, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक की-पैड मोबाइल फोन और 410 रुपये नकद बरामद किया हैं।

- बरामदगी के विवरण




पुलिस के मुताबिक रितिक कुमार के पास से 60 कागज की पुड़िया में 13.85 ग्राम स्मैक, 150 रुपये नकद, एक सैमसंग एंड्रॉयड फोन और एक नोकिया की-पैड फोन मिला। सलमान सिद्दीकी के पास से 55 पुड़िया में 11.38 ग्राम अवैध स्मैक और 100 रुपये नकद बरामद हुए। दीपक भारतीया के कब्जे से 52 पुड़िया में 12.95 ग्राम अवैध स्मैक और 160 रुपये नकद मिला है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने कबूला

अभियुक्तों ने बताया कि वह स्मैक बेचते हैं। वह स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर आने-जाने वाले लोगों को बेचते थे। अभियुक्तों ने बताया कि वह स्मैक एक साथ लाकर अलग-अलग जगहों पर बेचने की तैयारी कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

मोबाइल फोन के संबंध में रितिक कुमार ने बताया कि वह इसका उपयोग ग्राहकों से संपर्क करने के लिए करता था। स्मैक के स्रोत के बारे में पूछे जाने पर तीनों ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति उन्हें स्मैक दे जाता है।

इस गिरफ्तारी में उप निरीक्षक सोहराब अहमद, एसआई रामानन्द विश्वकर्मा, चौकी प्रभारी कांशीराम, एसआई कुलदीप उपाध्याय, एसआई वरूणा राठौर, हेड कांस्टेबल ज्ञानेन्द्र कुमार, कांस्टेबल सोनू यादव शामिल थे।